न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर, बायतु

क्रमांक / आवेदन / 2022 / 740 दिनांक:– 06/12/2022

प्रार्थी **बनाम** **विप्रार्थी**

1. अणदाराम पुत्र नरसिंगाराम जाति मेघवाल निवासी डोली नाडी पटवार हल्का लापुन्दड़ा बारठान तहसील गिड़ा

1 तहसीलदार गिड़ा

प्रकरण संख्या 347 / 2022 **दिनांक :– 06.12.2022**

–: आदेश :–

प्रार्थी द्वारा प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 131, 136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 के अन्तर्गत प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि प्रार्थी की खातेदारी भूमि खेत मौजा डोलीनाडी पटवार हल्का लापुन्दड़ा बारठान तहसील गिड़ा खसरा नंबर 514 / 61, 516 / 61 रकबा क्रमशः 4.6458 , 5. 0666 हैक्टयर में आई हुई है। पक्षकरान के मध्म भूमि का विभाजन दिनांक 15.05.2022 को हुआ , पक्षकारो के मध्य विभाजन अनुसार तरमीम न होकर विभाजन से हटकर लट्ठा ट्रेस में तरमीम की गई । लट्ठा ट्रेस में की गई तरमीम व मौके पर मौजूद कब्जा काश्त में भारी अन्तर है। प्रार्थी द्वारा प्रार्थना–पत्र के समर्थन में वर्तमान जमाबन्दी, वर्ष 2075 से 2078 तक की जमाबंदी नकल, नक्शा एवं वर्तमान मौके अनुसार नक्शा ट्रैस हस्ताक्षर कर प्रस्तुत किया जो संलग्न पत्रावली किये गये।

प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र की तहसीलदार गिड़ा द्वारा जांच करवाई गई। तहसीलदार गिड़ा से मौका रिपोर्ट प्राप्त मौका रिपोर्ट में तहसीलदार गिड़ा द्वारा यह स्वीकार किया गया है कि प्रार्थी के खेत मौजा डोलीनाडी पटवार हल्का लापुन्दड़ा बारठान तहसील गिड़ा खसरा नंबर 514 / 61, 516 / 61 रकबा क्रमशः 4.6458 , 5.0666 हैक्टयर भूमि की तरमीम वक्त बटवारा अनुसार नहीं की जाकर गलत की गई है। जो कि गलत है।

हमने पत्रावली, संलग्न दस्तावेज व तहसीलदार गिड़ा से प्राप्त रिपोर्ट का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया। बाद अवलोकन प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र स्वीकार किया जाकर अन्तर्गत धारा 131, 136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 के अनुसरण में प्रस्तुत प्रस्तावित परिशिष्ट अ अनुसार लट्ठा ट्रेस में की गई अशुध्द व गलत तरमीम शुध्द किये जाने के आदेश दिये जाते है। उक्त आदेश के अनुसार तहसीलदार गिड़ा राजस्व रेकर्ड में अमल दरामद करें।

6/12/2022
(मनोज)
उपखण्ड अधिकारी
एवं पदेन सहायक कलक्टर, बायतु

क्रमांक आवेदन / 2022 / 741-743 दिनांक : 06/12/2022
प्रतिलिपि :– सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

1. तहसीलदार गिड़ा
2. पटवारी लापुन्दड़ा बारठान
3. प्रार्थी / विप्रार्थी

6/12/2022
उपखण्ड अधिकारी
एवं पदेन सहायक कलक्टर, बायतु

Signature Not Verified
Digitally signed by Manoj
Date: 2022.12.21 17:35:19 IST
Reason: SelfAttested